# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः–शिविरा–माध्य/भवन/डी–2/3517/मरम्मत/2025–26/ई–17990/ दिनांक–यथा हस्ताक्षर

समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी,
समग्र शिक्षा, राजस्थान।

विषय :– जर्जर विद्यालयों भवनों एवं कार्यालयों के लिए सत्र 2026–27 हेतु भवन मरम्मत के प्रस्ताव भिजवाने बाबत।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राज्य के विभिन्न विद्यालय भवनों/कार्यालयों में मरम्मत की आवश्यकता है, विशेषकर पुराने निर्मित विद्यालयों में मरम्मत की ज्यादा आवश्यकता है । अतिवृष्टि एवं आंधी–तूफान से भी विद्यालय भवनों को क्षति पहुंचती रहती है। अतः इस हेतु निम्नानुसार विद्यालयों एवं कार्यालय भवनों के मरम्मत के प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं । समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा विद्यालय भवनों एवं कार्यालयों से प्राप्त मरम्मत के प्रस्ताव की इकजाई सूची excel में बनाकर soft copy mail id **csr.bhawan2023@gmail.com** पर प्रेषित करें। :–

1. **विद्यालय भवनों के मरम्मत के प्रस्ताव :–**

(1) आपके जिले के विद्यालयों के मरम्मत के समेकित प्रस्ताव प्रेषित करें। जिन विद्यालयों में मरम्मत की अधिक आवश्यकता है उनके प्रस्तावों को प्राथमिकता के साथ समेकित कर पहले प्रेषित करें। सभी मरम्मत प्रस्ताव, मय तकमीना तथा प्रत्येक प्रस्ताव हेतु आपकी स्पष्ट अभिशंषा के साथ, समेकित कर प्रेषित करें।

(2) आप किसी भी परिस्थिति में संस्था प्रधानों को सीधे निदेशालय प्रस्ताव प्रेषित करने हेतु निर्देशित नहीं करेंगे। जिन विद्यालयों से सीधे निदेशालय में मरम्मत प्रस्ताव प्रेषित किए जाएंगे, उन पर किसी भी स्थिति में विचार नहीं किया जाएगा। **माध्यमिक शिक्षा के अन्तर्गत संचालित राजकीय विद्यालय के प्रस्ताव ही भिजवावें ।**

2. **कार्यालयों के मरम्मत के प्रस्ताव :–**

(1) आपके जिले के जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक कार्यालय में मरम्मत की आवश्यकता होने पर उनका तकमीना तैयार करवाकर आपकी अभिशंषा के साथ प्रस्ताव अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रेषित करें।

(2) आपके जिले के संभाग स्तरीय कार्यालय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा होने पर उस कार्यालय में मरम्मत की आवश्यकता होने पर उनका तकमीना तैयार करवाकर आपकी अभिशंषा के साथ प्रस्ताव अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रेषित करें।

3. **जिला शिक्षा अधिकारी (विधि) कार्यालय के मरम्मत प्रस्ताव :–**

(1) जिला शिक्षा अधिकारी (विधि) जोधपुर कार्यालय में मरम्मत की आवश्यकता होने पर उनका तकमीना तैयार करवाकर संबंधित मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा, जोधपुर अपनी अभिशंषा के साथ प्रस्ताव अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रेषित करेंगे।

(2) जिला शिक्षा अधिकारी (विधि) जयपुर कार्यालय में मरम्मत की आवश्यकता होने पर उनका तकमीना तैयार करवाकर संबंधित मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा, जयपुर अपनी अभिशंषा के साथ प्रस्ताव अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रेषित करेंगे।

उक्त समस्त प्रस्ताव आवश्यक रूप से आपकी अभिशंषा अंकित कर, आगामी 15 दिवस में, अग्रेषण पत्र में निम्न प्रपत्र साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रेषित करना सुनिश्चित करें जिससे आगामी आवश्यक कार्यवाही संपादित की जा सके :–

| क्र.सं. | ब्लॉक का नाम | विद्यालय/कार्यालय का नाम | वांछित राशि | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | **राशि का योग (ब्लॉकवार)** | |

**नोटः–कनिष्ठ अभियंता अथवा सहायक अभियंता द्वारा तैयार किए गए तकमीना के बिना प्राप्त होने वाले किसी भी मरम्मत के प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जाएगा एवं सलग्न प्रपत्रानुसार केवल मरम्मत के प्रस्ताव ही भिजवायें,नव निर्माण के नही।**

**संलग्नः– मरम्मत प्रस्ताव प्रपत्र**

(अनुसूईया)
संयुक्त निदेशक (प्रशासन)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु –

01. निजी सहायक, वित्तीय सलाहकार, मा.शि. निदेशालय, बीकानेर
02. समस्त संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, समस्त संभाग, राजस्थान।
03. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान।
04. जिला शिक्षा अधिकारी (विधि) जयपुर/जोधपुर।

संयुक्त निदेशक (प्रशासन)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

Signature Not Verified

Digitally signed by Anusuiya
Designation : Joint Director
Date: 2026.05.14 22:25:13 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 22194739

M e-Sign

# प्रपत्र

## राजकीय शाला/कार्यालय भवनों की मरम्मत हेतु सत्र 2026–27 में भिजवाये जाने वाले प्रस्तावों का प्रपत्र

जिला........................................ तहसील................................ ऑफिस आइ0डी0.........................................

| | | |
|---|---|---|
| 1 | संस्था/विद्यालय का नाम एवं एनआईसी कोड | |
| 2 | प्रस्तावित मरम्मत कार्य का विवरण (प्रस्ताव संलग्न करें) | |
| 3 | अनुमानित लागत राशि (तकनीकी अधिकारी के अवमान की प्रति लगावें) | |
| 4 | भवन सा.नि.वि. की सूची में है अथवा विभागीय सूची में है? | |
| 5 | विद्यालय का राजकीय भवन है अथवा किराये का? | |
| 5 | भवन के राज्याधीन एवं विभाग की सूची में शामिल का वर्ष | |
| 6 | भवन शहरी क्षेत्र में स्थित है या ग्रामीण क्षेत्र में? | |
| 7 | विशेष विवरण | |

### गत तीन वर्षो में मरम्मत हेतु स्वीकृत राशि का वर्षवार विवरण

| वर्ष | स्वीकृत राशि | व्यय राशि का विवरण | समर्पित राशि |
|---|---|---|---|
| 2023–24 | | | |
| 2024–25 | | | |
| 2025–26 | | | |

संलग्नः–तकनीकी अनुमान एवं
एसडीएमसी प्रस्ताव

संस्था प्रधान के हस्ताक्षर मय मोहर
लैण्डलाईन नम्बर –
मोबाईल नम्बर –

## मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा की अभिशंषा

उक्तानुसार मरम्मत प्रस्ताव में विभाग द्वारा जारी दिशा–निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित की गई है। उक्तानुसार मरम्मत हेतु राशि स्वीकृत करने की अभिशंषा की जाती है।

दिनांक

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी,
समग्र शिक्षा
(हस्ताक्षर मय मोहर)
लैण्डलाईन नम्बर –
मोबाईल नम्बर –

Signature Not Verified

Digitally signed by Anusuiya
Designation : Joint Director
Date: 2026.05.14 22:25:13 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
22194739
M e-Sign